जनजातीय क्षेत्रों में सिंचाई कार्य योजना

1762. **श्री मूलचन्द मीणा** : क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों में सिंचाई कार्य के लिए कोई योजना प्रारंभ की है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है;

(घ) केन्द्रीय सरकार द्वारा इन क्षेत्रों में सिंचाई परियोजना के लिए चालू पंचवर्षीय योजना में कितनी धनराशि आबंटित की गई है; और

(ङ) राज्य-वार कितनी धनराशि आबंटित की गई है और उसका ब्यौरा क्या है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० के० थुंगन) : (क) से (ग) यद्यपि आदिवासी क्षेत्रों में सिंचाई विकास के लिए कोई योजना शुरु नहीं की गई है, तथापि, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति की अधिक आबादी वाले 250 ब्लॉकों में सिंचाई सुविधाओं के एकीकृत विकास के लिए मास्टर योजना तैयार करने की एक स्कीम तथा ऐसे 100 ब्लाकों में मास्टर योजना कार्यक्रमों के कार्यान्वयन को इस मंत्रालय द्वारा परिकल्पना की गई है । तथापि, यह योजना आठवीं योजना में शामिल करने के लिए योजना आयोग द्वारा अनुमोदित नहीं की गई है ।

(घ) और (ङ) चूंकि सिंचाई राज्य का विषय है, अधिकांश सिंचाई परियोजनाओं/योजनाओं की आयोजना और कार्यान्वयन राज्य सरकारों द्वारा उनके लिए आवश्यक प्रावधान करके किया जाता है । तथापि, सतीगुडा और पेट्टेरु परियोजनाओं को उड़ीसा के मालनगिरि जिला में आदिवासी क्षेत्र में गृह मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित केन्द्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं के रूप में शुरू किया गया है । सतीगुडा और पेट्टेरु परियोजनाओं के लिए आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992--97) परिव्यय क्रमशः 2.68 करोड़ रुपये और 25.04 करोड़ रुपये है ।

Dispute Between India and Bangladesh Over Water-Sharing.

1763. SHRI. G. Y. KRISHNAN : Will the Minister of WATER RESOURCES will be pleased to state :

(a) whether according to the statement made by the UNDP Chief at Dhaka early last month, the UN Development Programme is taking steps to resolve the long-standing dispute between Bangladesh and India over sharing of water from their rivers and environmental issues ;

(b) whether the UNDP chief had been reportedly briefed by the Bangaladesh Government on adverse affects of the Farakka Barrage constructed by India to flush its Calcutta port;

(c) whether Government of India has also given him any counter-brief elucidating its stand; and

(d) If so, what are the details thereof and if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WATER RESOURCES (SHRI P. K. THUNGON) : (a) to (d) As per Newspapers, some UNDP officials have been briefed by Bangladesh about the water sharing problem with India and they are reported to have expressed their willingness in resolution of the issue. India and Bangladesh are committed to resolve the issue bilaterally as per the understanding reached at the Prime Minister's level in May, 1992.